RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 36 • 18:02:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## मोदी की काशी में राहुल गांधी का बारह किमी लंबा रोड शो

### बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए, कांग्रेस बोली-मंदिर प्रशासन फोटो नहीं कर रहा जारी





**वाराणसी (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 35वें दिन वाराणसी पहुंची। यूपी में न्याय यात्रा का दूसरा दिन है। इस दौरान राहुल ने काशी में 12 किलोमीटर लंबा रोड शो निकाला। विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। गोदौलिया चौराहे की जनसभा में बीजेपी और महंगाई को लेकर केंद्र पर निधाना साधा।

कुरौना गांव में लंच किया। उनके साथ सीनियर लीडर जयराम रमेश, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई नेता हैं। चंदौली में राहुल से देर रात 25 प्रोफेसरों और छात्रों के डेलीगेट्स ने मुलाकात की। राहुल ने बीएचयू-आईटी गैंगरेप मामले पर चिंता जताई। चंदौली में जनसभा के दौरान राहुल ने कहा था कि देश में जो नफरत और हिंसा फैल रही है, उसका कारण अन्याय है। किसान, युवाओं के साथ सामाजिक और आर्थिक अन्याय हो रहा है। पाकिस्तान पर बोलेंगे पर महंगाई, बेरोजगारी पर नहीं बोलेंगे, क्योंकि ये आप के नहीं अडाणी के हैं।

### 'कांग्रेसी' नहीं रहे नकुलनाथ! बीजेपी में जाने की अटकलें



#### एक्स के बायो से पार्टी का नाम गायब

**भोपाल (एजेंसी)।** एमपी की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के साथ बीजेपी में शामिल होने की अटकलें हैं। दोनों ही नेता दिल्ली रवाना हो चुके हैं। इन अटकलों को और बल तब मिला, जब कमलनाथ ने 17 फरवरी के अपने सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए। दूसरी तरफ एमपी में कांग्रेस के एकमात्र सांसद और पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ ने अपने ट्विटर बायो से कांग्रेस पार्टी का नाम हटा दिया है।

### ज्ञानपीठ 2023 पुरस्कार का हो गया ऐलान

## मशहूर गीतकार गुलजार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य को सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उर्दू के मशहूर गीतकार व कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 2023 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा। इस बात की जानकारी सेलेक्शन पैनल ने दी है। बता दें कि दोनों ही हस्तियां अपने-अपने क्षेत्र में काफी मशहूर हैं। जहां गुलजार ने तमाम फिल्मों में गीत लेखन के अलावा गजल और कविता के क्षेत्र में मशहूरी हासिल की है। वहीं, जन्म से न देख पाने के बावजूद जगद्गुरु रामभद्राचार्य संस्कृत भाषा और वेद-पुराणों के प्रकांड विद्वान हैं।



गुलजार को हिंदी सिनेमा में उनके कामों के लिए जाना जाता है। उन्हें इस समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में से एक माना जाता है। इससे पहले उन्हें 2002 में उर्दू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण भी मिल चुका है। इसके अलावा हिंदी सिनेमा में उनके विभिन्न काम के लिए पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य, एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक नेता, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं।

## देश भर के कोचिंग सेंटरों पर शिकंजा कसेगी सरकार!

### अब विज्ञापनों में नहीं कर पाएंगे बड़े-बड़े दावे, बनी गाइडलाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोचिंग सेंटर्स की मनमानी रोकने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रह रही है। कोचिंग के भ्रामक विज्ञापनों पर शिकंजा कसने के लिए अब सरकार ने नई गाइडलाइन्स का प्रारूप तय किया है। इसमें कहा गया है कि कोचिंग सेंटर 100 प्रतिशत सिलेक्शन या फिर नौकरी दिलाने का दावा किसी भी विज्ञापन में नहीं कर सकते हैं। सेंट्रल कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने इन नियमों को ड्राफ्ट किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 30 दिन के अंदर इस पर जनता की राय मांगी है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों में कहा गया है कि कोई भी कोचिंक संस्थान जरूरी जानकारी को विज्ञापन में नहीं छिपा सकता है। अक्सर विज्ञापन में कोचिंग संस्थान अहम जानकारियां नहीं देते हैं। जैसे कि कोर्स पेड है या फ्री, कोर्स का ड्यूरेशन क्या है। सफस कैंडीडेट ने कौन से कोर्स चुना था और कितने दिन तक कोचिंग की, सफलता दर को लेकर गलत तथ्य। कोचिंग संस्थान बिना किसी प्रमाण के ही रैंकिंग और चयन का दावा करने लगते हैं। नियमों में यह भी कहा गया है कि जब तक किसी कैंडीडेट से सहमति नहीं ली जाती तब तक उसका फोटो, वीडियो, नाम या फिर ब्यौरा विज्ञापन में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। कोचिंग संस्थान को बिना स्टूडेंट से सहमति लिए उसकी रैंक, मार्क्स




के बारे में भी बताना सही नहीं है। बता दें कि इन नियमों को ड्राफ्ट करने से पहले 8 दिसंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। एक महीने में पहले कोचिंग संस्थान से जुड़े लोगों से भी सलाह ली गई। सरकार ने देश के सभी प्राइवेट कोचिंग संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की थी।

## जिनेवा में भारत के प्रस्ताव का मुरीद हुआ पड़ोसी चीन

### पाकिस्तान ने अड़ाया रोड़ा, भारत की धाक बढ़ने से डरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमाम आर्थिक और सियासी समस्याओं के बावजूद पाकिस्तान हथियारों और युद्ध के मामले में अपना आक्रामक रवैया छोड़ने को तैयार नहीं है। जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन (सीडी) में भारत ने 2024 प्रोग्राम ऑफ वर्क का प्रस्ताव रखा था। बातचीत के बाद फिसिल मटीरियल कट ऑफ ट्रीटी को लेकर चीन तक राजी हो गए लेकिन पाकिस्तान ने इसमें भी अड़ंगा लगा दिया। बता दें कि इस समझौते के तहत परमाणु हथियारों पर लगाम लगाने का विचार था जो कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं। वहीं




पाकिस्तान के पास केवल परमाणु हथियार ही हैं जिनके दम पर वह भारत को धमकाने की कोशिश करता रहता है। कई चरणों की बातचीत के बाद भी पाकिस्तान इस प्रस्ताव पर राजी नहीं हुआ। बता दें कि भारत ने एक महीने की अध्यक्षता के दौरान यह प्रस्ताव रखा था। निरस्त्रीकरण से जुड़े एक राजनयिक ने कहा, यह केवल भारत की खतरनाक सोच है जिससे वह भारत के प्रस्तावित मसौदे को स्वीकार नहीं कर रहा है। बता दें कि भारत 21 जनवरी से 20 फरवरी तक अध्यक्ष था। इससे पहले 2022 में कॉन्फ्रेंस ऑफ डिसआर्मामेंट ने इसे स्वीकार किया था। पाकिस्तान ने ही भारत के इस प्रस्ताव पर अड़ंगा लगाया है।

## इसरो ने श्रीहरिकोटा से इनसैट 3डी सैटेलाइट किया लॉन्च

### मौसम की सटीक जानकारी देगा, पृथ्वी की ऊपरी कक्षा में होगा स्थापित

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार (17 फरवरी) को मौसम की सटीक जानकारी देने वाले सैटेलाइट इनसैट-3डीएस को लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से शाम 5.35 बजे लॉन्च किया गया। सैटेलाइट की लॉन्चिंग जीएसएलवी एएफ 14 रॉकेट से हुई। थोड़ी देर में यह जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट यानी पृथ्वी की ऊपरी कक्षा में तैनात हो गया है। 1 जनवरी 2024 को मिशन की लॉन्चिंग के बाद 2024 में इसरो का यह दूसरा मिशन है। यह इनसैट-3डीएस सीरीज की 7वीं उड़ान होगी। इस सीरीज का आखिरी सैटेलाइट 8 सितंबर 2016 को लॉन्च किया गया था। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के अनुसार 10 नवंबर 2023 से इसके वाइब्रेशन टेस्ट शुरू हो गए थे। यह 6-चैनल इमेजर और 19-चैनल साउंडर के जरिए मौसम से जुड़ी जानकारी देगा। साथ ही सर्च और रेस्क्यू के लिए जमीनी डेटा और मैसेज रिले करेगा।



2274 किलोग्राम वजनी सैटेलाइट एक बार चालू होने के बाद अर्थ साइंस, मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी), मौसम पूर्वानुमान केंद्र और भारतीय राष्ट्रीय केंद्र के तहत विभिन्न विभागों को सेवा प्रदान करेगा। 51.7 मीटर लंबा रॉकेट इमेजर पेलोड, साउंडर पेलोड, डेटा रिले ट्रांसपोंडर और सैटेलाइट एडेड सर्च एंड रेस्क्यू ट्रांसपोंडर ले जाएगा। जिनका उपयोग बादल, कोहरे, वर्षा, बर्फ और उसकी गहराई, आग, धुआं, भूमि और समंदरों पर स्टडी के लिए किया जाएगा। इनसैट या इंडियन नेशनल सैटेलाइट सिस्टम, भारत की कम्यूनिकेशन, टेलीकास्ट, मौसम विज्ञान और सर्च एंड रेस्क्यू की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसरो ने बनाया है। यह जियो स्टेशरी सैटेलाइट्स की सीरिज है। इसकी शुरुआत 1983 में की गई। इनसैट एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा लोकल कम्युनिकेशन सिस्टम है। सैटेलाइट्स की निगरानी और कंट्रोल कर्नाटक के हासन और मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित मेन कंट्रोल सेंटर्स से किया जाता है।

## सीएम ममता बनर्जी ने ज्योतिप्रिय मल्लिक को मंत्री पद से हटाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के वन और औद्योगिक पुनर्निर्माण मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल से हटा दिया है। ज्योतिप्रिय मल्लिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली घोटाले मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। शुक्रवार शाम ममता बनर्जी ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटाया है। इस मामले में ज्योतिप्रिय मल्लिक को पिछले साल 27 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। 20 जनवरी को ईडी ने कोलकाता की एक अदालत को बताया था कि यह घोटाला (जिसमें पीडीएस प्रणाली के लिए सब्सिडी वाले खाद्यान्न को बिक्री के लिए खुले बाजार में भेज दिया गया था)।

## कुनबी प्रमाण पत्र वाले मराठा आरक्षण के नहीं हैं हकदार

### एमएसबीसीसी ने सौंपी रिपोर्ट, शिंदे सरकार के पाले में पहुंची गेंद

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने शुक्रवार को मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन पर अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दी है। जब आयोग के प्रमुख जस्टिस (रिटायर्ड) सुनील शुक्रे ने रिपोर्ट पेश किया तो उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी वहीं मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिंदे को उम्मीद है कि इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मराठा समुदाय को कानूनी जांच पर खरा उतरने वाला आरक्षण मिल सकेगा। हालांकि, रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इस बात की चर्चा जोरों पर है कि आयोग ने कुनबी प्रमाण-पत्र धारकों को मराठा आरक्षण का हकदार नहीं माना है। आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद खुद मुख्यमंत्री शिंदे ने भी यह स्पष्ट किया कि जिन मराठों ने अपने वंश में कुनबी रिकॉर्ड खोजने के बाद कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया था, वे मराठा कोटा के लिए पात्र नहीं होंगे।



## मुस्लिम देश में 'भारत मार्ट प्रोजेक्ट' से टेंशन में चीन

- ड्रैगन को रास नहीं आ रही भारत की आत्मनिर्भरता, सपनों को उड़ान देने में जुटे पीएम मोदी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दो दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने जहां अबू धाबी में पहले हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया, वहीं, वहां के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ दुबई के जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में 'भारत मार्ट' की आधारशिला रखी। भारत मार्ट एक लाख वर्ग भूमि में बनने वाला एक ऐसा व्यापारिक केंद्र होगा जो भारतीय एमएसएमई कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय खरीददारों तक पहुंच का एक प्रभावी मंच मुहैया कराएगा। इस प्रोजेक्ट को आत्मनिर्भर भारत के सपनों को उड़ाने देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। 2025 तक इस प्रोजेक्ट के बनकर तैयार हो जाने और संचालन में आ जाने की उम्मीद है।

## भाजपा अधिवेशन में 'मोदी है तो मुमकिन है' के लगे नारे

- पीएम ने खड़े होकर सबका अभिवादन किया, नड्डा बोले-राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता, बंगाल भी जीतेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के भारत मंडपम में बीजेपी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन चल रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शॉल पहनाकर मोदी का स्वागत किया। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा- हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने होंगे। 100 दिनों का जनसंपर्क अभियान चलाना है। भाजपा के पिछले 10 साल के कामों का भी प्रचार करना होगा। उधर जेपी नड्डा ने कहा- मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा हुआ है। भाजपा की 17 प्रदेशों में सरकार है। हमने राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता है। इस बार बंगाल में भी जीतेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के देशभर से 11 हजार 500 से ज्यादा पदाधिकारी जुटेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में जीत के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। साथ ही बीते 10 साल की सत्ता के दौरान लिए गए



पार्टी के बड़े और निर्णायक फैसलों पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया जाएगा। पीएम ने कहा कि भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। ये उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार मिलें वोटों में कम से कम 370 वोटों बढाएं।

## भारत के लिए अब म्यांमार से आई बड़ी खुशखबरी

**नेपीडॉ (एजेंसी)।** म्यांमार के विद्रोही गुट अराकान आर्मी ने भारत को भरोसा दिया है कि पलेतवा शहर में चल रहा कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएमएमटीटीपी) जारी रहेगा। आर्मी ने कहा कि भारत से हमें कोई समस्या नहीं है, प्रोजोक्ट साइट सुरक्षित है और जल्दी ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। हाल ही में अराकान आर्मी ने पलेतवा शहर को जुंटा से छीनते हुए अपने नियंत्रण में ले लिया था। इसके बाद रिपोर्ट सामने आई थी पलेतवा में चल रही कलादान परियोजना रुक गई है। अराकान सेना ने अब साफ किया है कि ये परियोजना रुकेगी नहीं। अराकान आर्मी के एक प्रवक्ता ने एक इंटरव्यू में कहा है कि हमारे कलादान और लेम्रो नदी डेल्टा पर दोबारा कब्जा करने के बाद केएमएमटीटीपी के लिए जल्द से जल्द काम पूरा करना पूरी तरह से सुरक्षित है। हमें भारत के साथ कोई समस्या नहीं।

## लालू के साथ आने की बात को सीएम नीतिश ने नकारा

### बोले-एनडीए में हैं, आराम से काम हो रहा है, किसने क्या गड़बड़ी की जांच होगी

**पटना (एजेंसी)।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ आने की बात को बिहार के सीएम नीतिश कुमार ने ठुकरा दिया है। शुक्रवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीतिश कुमार दोबारा 'इंडिया' गठबंधन में आते हैं, तो देखेंगे। इसे लेकर नीतिश कुमार ने कहा कि कौन क्या कहता है, इस पर मत जाइए। अब हम इधर आ गए है। पहले भी साथ थे। अच्छे से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार से जब पूछा गया कि आपके जाने के बाद इंडिया गठबंधन में कई लोग निकल गए हैं तो उन्होंने कहा कि हमने तो नाम भी नहीं दिया था। अब इंडिया गठबंधन खत्म हो गया। पटना के इको पार्क स्थित कर्पूरी संग्रहालय में कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर सीएम श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वहीं मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए नीतिश कुमार ने कहा कि उन्होंने शराबबंदी की था। अब उनके जाने के बाद हम उनके रास्ते पर चल कर फिर से शराबबंदी कर चुके हैं।



## बीजेपी के 400 पार मिशन में सहयोगी बनेगी टीडीपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान ऐलान किया था कि इस बार एनडीए 400 पार सीटें लाएगा। इस नारे को साकार करने के लिए बीजेपी लगातार अपने गठबंधन कुनबे को बढ़ा रही है। इसी के चलते ही आंध्र प्रदेश में बीजेपी के टीडीपी के साथ गठबंधन होने की औपचौरिकता पूरी होने की खबरें हैं। टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू पहले भी एनडीए के साथ रह चुके हैं। इसके अलावा पवन कल्याण की पार्टी जनसेना एनडीए में शामिल हो गई है। खबरें हैं कि तीनों ही पार्टियों के बीच सीट बंटवारा भी तय हो गया है। चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी पहले भी बीजेपी साथ रह चुकी है और चंद्रबाबू नायडू केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं लेकिन कुछ समय के लिए दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता-पुत्र की हत्या के तीसरे दिन चौक की दुकानें रहीं बंद

**मुजफ्फरपुर/देवरियाकोठी, एजेंसी।** पारू थाना के मंगुरहिया चौक पर पिता-पुत्र की हत्या के तीसरे दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना के विरोध में चौक की दुकानें भी बंद हैं। चौक पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर एक नजर नवनिर्मित मिठाई दुकान की ओर झांक कर चल देते थे। घटना के बाद से दुकानदारों में भय बना हुआ है। हीरापुर, गोसाई टोला, टरवां, मझौलिया सहित आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि अनिल यादव बड़े नेक लोग थे। उनके बेटे विराट कुमार को तो हमलोग तो पहचानते तक नहीं थे। थानाध्यक्ष मोनू कुमार ने बताया कि हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शीघ्र ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार की रात करीब ढाई बजे बाइक सवार बदमाशों ने पिता-पुत्र को गोलियों से भून दिया था।

### डूबने से युवक की मौत, एसकेएमसीएच में हंगामा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना के दादर में शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक नदी में डूब गया। एसडीएफ और स्थानीय मछुआरे की मदद से उसे नदी से निकाला गया। युवक की पहचान अहियापुर थाने क्षेत्र के बैरिया निवासी अभिजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा। एसकेएमसीएच में डॉक्टर ने ईसीजी कराई, जिसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इमरजेंसी में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी के साथ गाली गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। युवक को जानबूझ कर मृत घोषित करने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। बीच बचाव और समझाने पहुंचे कर्मियों के साथ भी मारपीट और दुर्व्यवहार किया। इसके बाद जिंदा होने की आस में युवक को लेकर निजी अस्पताल जाने लगे। इस दौरान बल पुर्वक सरकारी एंबुलेंस पर शव को रख निजी अस्पताल ले गए। बैरिया में चालक कुंदन कुमार की जम कर पिटाई कर दी दिया। ऑक्सीजन सिलेंडर भी एंबुलेंस से निकाल लिया। करीब तीन दर्जन से अधिक युवकों ने एक घंटे से अधिक समय तक इमर्जेंसी में बवाल काटा। इस बीच पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

### मरीजों का इलाज करने पर ही बनेगी डॉक्टर की हाजिरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सरकारी अस्पतालों में बिना ड्यूटी किए हाजिरी बनाना अब डॉक्टरों के लिए मुश्किल हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसपर शिकंजा कसा है। सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की हाजिरी अब मरीजों के इलाज करने पर ही बनेगी। सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के डॉक्टर अब मरीजों का इलाज इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम पर करेंगे। इस बाबत स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने सिविल सर्जन को निर्देश जारी किया है। इसमें बताया गया है कि ओपीडी में सुबह नौ बजे से पूर्व ही डॉक्टर को मरीजों का इलाज इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम पर करना है। इसके बाद ही उनकी अस्पताल में उपस्थिति मानी जाएगी। मरीजों का इलाज किए बगैर केवल खानापूर्ति करने पर वे अनुपस्थित माने जाएंगे। सिविल सर्जन डॉ. ज्ञानशंकर ने बताया कि इसे लागू करने का आदेश जारी किया गया है। मरीजों का इलाज ऑनलाइन करने को कहा गया है। सिस्टम पर इलाज किए जाने पर यह दिखता है कि चिकित्सक ने मरीजों का इलाज कितने बजे किया, किस बीमारी से ग्रसित मरीज का इलाज किया, मरीज को कौन-कौन सी दवाएं दी गई हैं। इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम के माध्यम से इलाज करने पर काफी पारदर्शिता आएगी। मरीजों का इलाज करने में कई डॉक्टर लापरवाही बरतते हैं। इसको लेकर पूर्व में भी 186 डॉक्टरों को शोकॉज किया गया था। इसमें पूछा गया था कि बीते 15 दिनों में एक भी मरीजों का इलाज क्यों नहीं किया है? शोकॉज के जवाब में डॉक्टरों ने बताया था कि कई पीएचसी में इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम काम नहीं कर रहा है।

### भूमिहीनों को जमीन दिलाने के लिए निष्ठा से काम करेंगे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को माड़ीपुर में सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री डॉ. संतोष सुमन का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भूमिहीनों को जमीन दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। गरीबों का इलाज, उच्च शिक्षा व आगे बढ़ने का अवसर दिलाने को हरसंभव प्रयास करेंगे। हम के प्रदेश उपाध्यक्ष संजर आलम ने मुजफ्फरपुर को आईटी हब बनाने की मांग करते हुए कहा कि गरीबों के आवाज जीतन राम मांझी का प्रथम उद्येश्य हर स्तर पर गरीबों का उत्थान करना है। कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष रामबाबू कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही, हम के जिलाध्यक्ष संजय पासवान के अलावा स्नेहलता पांडे, मेवा लाल यादव, रीना सिंह, मो. कमालुद्दीन, रत्नेश पटेल, नौशाद आलम, वसंत मांझी, अमित कुमार, मुकेश पाठक, रेखा देवी, आरके दत्ता व अन्य मौजूद थे।

# नीतीश के जाने के बाद आरजेडी के विधायकों को फायदा, बीजेपी-जदयू के एमएलए को मिल सकती है निराशा

**पटना, एजेंसी। विधानसभा से लोकसभा की यात्रा इसबार कठिन है। हरेक लोकसभा चुनाव में कुछ विधायक उम्मीदवार बनते हैं। उनमें से कुछ लोकसभा पहुंच भी जाते हैं, लेकिन इस बार कोई दल अपने विधायक को लोकसभा उम्मीदवार बनाने के पक्ष में नहीं है। क्योंकि सत्तारूढ़ राजग के पास सत्ता बचा कर रखने लायक ही विधायक हैं। उधर महागठबंधन अब भी इस उम्मीद में है कि अवसर मिला तो एक बार और सरकार गिराने का प्रयास करेंगे।**





हां, चुनाव लड़ने के इच्छुक विधायकों के लिए दूसरे दल का दरवाजा जरूर खुला है। सबसे अधिक संभावना महागठबंधन में है। राजग में जदयू के निकलने के बाद महागठबंधन में लोकसभा उम्मीदवारों के लिए अच्छी रिक्ति हो गई है। विश्वासमत के विरोध में मतदान करने के लिए राजग के विधायकों को लोकसभा चुनाव में टिकट देने के प्रस्ताव की चर्चा खूब हुई थी। चर्चा भले ही समाप्त हो गई हो, लेकिन प्रस्ताव यथावत है।

इसके तहत राजग विधायकों के लिए लोकसभा की 10 सीटों का प्रबंध था। भाजपा विधायकों के लिए वाल्मीकिनगर, मोतिहारी, मधुबनी और जदयू विधायकों के लिए नवादा, खगड़िया, बांका, भागलपुर, सीतामढ़ी, पूर्णिया आदि लोकसभा सीटों का प्रस्ताव दिया गया था। ये सब ऐसी सीटें हैं जिनपर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-जदयू-लोजपा की जीत हुई थी।

ऐसी सुविधा राजग के घटक दलों के पास नहीं है। जदयू के राजग से जुड़ने के बाद लोकसभा की 40 में से 39 के वर्तमान सांसद एकसाथ आ गए हैं। बदलाव यह आया कि 2019 के राजग की तुलना में इस समय दो नए दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता दल राजग से जुड़ गए हैं। इन दोनों के लिए सीट निकालना ही नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती है। वर्तमान सांसदों का टिकट कटे, तभी नए उम्मीदवारों के लिए संभावना बन सकती है। दूसरा पहलू यह है कि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के चार विधायकों पर सरकार की निर्भरता भी राजग को अपने किसी विधायक को लोकसभा में भेजने से रोक रही है।

### बिहार विधान परिषद में आरजेडी की नई कमांडर होंगी राबड़ी देवी

**पटना, एजेंसी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री राबड़ी देवी को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, सुनील सिंह को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने इस संबंध में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को पत्र लिखा था।

सभापति को लिखे पत्र में उन्होंने सूचित किया था कि राजद विधानमंडन दल ने एमएलसी राबड़ी देवी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना है।

एक अन्य पत्र में राजद प्रदेश अध्यक्ष ने सभापति को सूचित किया था कि राजद विधानमंडल दल ने सुनील सिंह को मुख्य सचेतक चुना है। इस संबंध में सभापति देवेश चंद्र ठाकुर के निर्देश पर विधान परिषद सचिवालय ने 15 फरवरी 2024 के प्रभाव से राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष और सुनील सिंह को मुख्य सचेत के तौर पर मान्यता दे दी। विधान परिषद के सचिव अखिलेश कुमार झा ने विधान परिषद में राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष एवं सुनील सिंह को विपक्ष का मुख्य सचेतक बनाने का आदेश जारी कर दिया है।

# एसबीआई सीएसपी लूट का सीसीटीवी फूटेज आया सामने



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के अमौर में एसबीआई के सीएसपी संचालक से हुई 1 लाख की लूट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में हथियार से लैस बेखौफ बदमाश महज 35 सेकेंड में सीएसपी संचालक से लूट की वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। घटना बीते गुरुवार की है, वहीं इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीरों के आधार पर बदमाशों की धर पकड़ में जुट गई है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित एसबीआई सीएसपी संचालक इन्द्रदेव प्रसाद साह ने बताया कि रोजाना की तरह ही वे बीते गुरुवार को अमौर के बागडर गांव के वार्ड 8 स्थित घर से दलमालपुर हाट अपने सीएसपी सेंटर पहुंचे थे। जिसके बाद सुबह करीब सवा दस बजे एक बाइक पर सवार दो बदमाश उनके सीएसपी सेंटर आ धमके। एक बदमाश बाइक पास खड़े रहकर रेकी की। तो वहीं दूसरा सीएसपी सेंटर के अंदर घुसा। वे जब तक कुछ समझ पाते बदमाश ने कमर से पिस्टल निकाली और उनके सामने तान दिया। बदमाश ने बगैर किसी देरी के कैश से भरा बैग देने को कहा। बैग में 1 लाख रुपए कैश के अलावा फिंगर डिवाइस, लैपटॉप चार्जर, सीएसपी आईडी कार्ड, सीएसपी आधार कार्ड व पैनकार्ड की छाया प्रति समेत कई दूसरे दस्तावेज थे। बेखौफ बदमाश सबकुछ लेकर चले गए। दोनों बदमाश ब्लू रंग की बाइक लेकर लूट की घटना को अंजाम देने आए थे। उनकी उम्र तकरीबन 20 से 25 साल थी। एक ने हेलमेट पहन रखा पहने था जबकि दूसरे ने चेहरे पर काली पट्टी बांध रखी थी। हालांकि, हेलमेट पहने बदमाश ने कुछ देर के लिए अपना हेलमेट खोला था। जिससे बदमाश को वे एक नजर देखते ही पहचान जाएंगे। वे कैश बैग लेकर सीएसपी सेंटर से दक्षिण की ओर जाने वाली रास्ते में भागे। वहीं, लूट की ये पूरी वारदात सीएसपी सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## तीन स्टेशनों को मिली नई ट्रेनें

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 11427/11428 पुणे-जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का नवादा स्टेशन और गाड़ी सं. 03275/03276 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट और गाड़ी सं. 03269/03270 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का नीमा हॉल्ट पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड के नवादा स्टेशन पर दिनांक 24.02.2024 से गाड़ी सं. 11427 पुणे-जसीडीह एक्सप्रेस का 10.55/10.56 बजे और दिनांक 25.02.2024 से गाड़ी सं. 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का 23.35/23.36 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

**पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर ठहराव :** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर गाड़ी सं. 03276 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 20.02.2024 से 14.08/14.09 बजे और गाड़ी सं. 03275 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 21.02.2024 से 10.11/10.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हॉल्ट पर दिनांक 20.02.2024 से गाड़ी सं. 03270 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 12.50/12.51 बजे और गाड़ी सं. 03269 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 15.11/15.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

# बिहार में नियुक्ति पत्र लेकर भी 6 हजार 766 शिक्षकों ने नहीं किया योगदान

**पटना, एजेंसी।** सूबे में नियुक्ति पत्र और पदस्थापन पत्र लेकर भी 6766 शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइन नहीं किया। बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति के पहले चरण की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। स्कूल आवंटन के बाद भी इन शिक्षकों ने अबतक योगदान नहीं दिया है। मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पटना में ऐसे शिक्षक सबसे अधिक हैं। मुजफ्फरपुर में 367 शिक्षक स्कूल आवंटन के बाद भी नहीं आए। दरभंगा में सबसे अधिक 463 शिक्षक हैं, जिन्होंने योगदान नहीं दिया। विभिन्न जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार समस्तीपुर में ऐसे शिक्षकों की संख्या 365, प.चम्पारण में 244, वैशाली में 177, सीतामढ़ी में 78, मधुबनी में 186, पूर्वी चम्पारण में 265 और गया में 284 है।

**6766 पद फिर से हो गए रिक्त :** शिक्षकों के नहीं जाने से 6766 पद फिर से रिक्त हो गए हैं। इन सभी पदों का स्कूलवार आंकड़ा फिर से लिया जा रहा है। तीन ऐसे शिक्षक भी हैं, जिन्होंने स्कूल आवंटन नियुक्ति पत्र को वापस कर दिया है।



**योगदान के बाद 66 शिक्षक फरार :** सूबे के अलग-अलग जिलों में 66 ऐसे शिक्षकों की संख्या सामने आई है, जिन्होंने आवंटन पत्र ले लिया, स्कूल में योगदान भी दे दिया, लेकिन बाद में फरार हो गए। प.चम्पारण में 3, वैशाली में 1, समस्तीपुर में 2, सहरसा में 4, पूर्णिया में 1, नवादा में 1, मधुबनी में 3, बांका में 4, भागलपुर में 4, दरभंगा में 6, पूर्वी चम्पारण में 7 शिक्षक ऐसे हैं, जो योगदान के बाद से फरार हैं।

राज्य के विभिन्न जिलों के 582 नियोजित शिक्षक छह माह से अधिक दिनों से गायब हैं। वहीं, 134 ऐसे हैं, जो छह महीने से कम दिनों से बिना सूचना के स्कूलों से अनुपस्थित हैं और उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा की जा चुकी है। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को लिखे पत्र में श्री पाठक ने कहा है कि पिछले छह माह से लगातार नियोजित शिक्षकों के विरुद्ध मॉनिटरिंग के दौरान कई तरीके की अनियमितता पायी गयी है, जिसके आलोक में संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कई कार्रवाई की गयी है। बिना स्वीकृति के अनुपस्थित काफी शिक्षकों का वेतन काटा गया है। लेकिन, अन्य गंभीर मामलों में निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई की अनुशंसा जब की गयी तो संबंधित नियोजन इकाइयों द्वारा कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गयी है।

राज्य के विभिन्न जिलों में बिना सूचना के गायब रहने वाले 44 नियोजित शिक्षकों को निलंबित किया गया है। इनमें 34 शिक्षक ऐसे हैं, जो छह माह से कम दिनों से गायब हैं। वहीं, दस शिक्षक ऐसे निलंबित किये गये हैं, जो छह माह से अधिक दिनों से स्कूलों से गायब हैं। छह माह से अधिक दिनों से गायब 163 शिक्षकों के निलंबन की अनुशंका नियोजन इकाइयों को की गयी है।

# दरभंगा में मूर्ति विसर्जन बवाल में 30 से ज्यादा धराए; भागलपुर, छपरा, भोजपुर, शेखपुरा, सीवान में भी झड़प

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी सरस्वती पूजा को लेकर उन्मादी बवाल हुआ। भालपट्टी के मुड़िया गांव की घटना के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान बहेरा थाना क्षेत्र के बहेरा बाजार में हिंसक झड़प हुई। इसके बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सख्त हो गई है। दोनों घटनाओं में 30 से ज्यादा लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उधर मुड़िया गांव की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आरोपियों की पहचान की जा रही है। डीएम एसपी समेत सभी अधिकारी और पुलिस बल प्रभावी इलाकों में कैंप कर रहे हैं। दरभंगा के अलावे भागलपुर, छपरा, भोजपुर और शेखपुरा से भी हिंसक झड़पर की खबर है।

गुरुवार को दरभंगा के मुड़िया गांव की घटना के बाद शुक्रवार को बहेरा बाजार में विसर्जन जुलूस के दौरान एक समुदाय के लोगों के द्वारा पत्थरबाजी की गई। एक धार्मिक स्थल के पास डीजे बजाने से मना कर दिया गया। विरोध करने पर छत से पत्थरबाजी शुरू कर दी गई जिसमें कई लोग घायल हो गए। लोगों ने भागकर खुद को बचाया। इतना ही नहीं गाड़ियों में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। दरभंगा के डीएम एसएसपी ने उसके बाद मोर्चा संभाल लिया और हालात कंट्रोल में है। इधर प्रशासन की जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ है। व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर खास समुदाय के कुछ लोगों ने धार्मिक उन्माद फैलाने की प्लानिंग पहले से ही कर ली थी। एक आरोपी के जब्त मोबाइल को खंगालने के बाद यह बात सामने आई है। उसके एडमिन की तलाश की जा रही है। पुलिस की गस्ती और प्रशासन की सख्ती बढ़ा दिए जाने के बाद स्थिति कंट्रोल में है। दरभंगा के अलावे बिहार के कई जिलों से सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा घटनाओं की खबरें आ रही है। बताया जा रहा है कि समुदाय विशेष के द्वारा विसर्जन जुलूस पर पथराव किया गया जिसके बाद हालत बिगड़ गए। पुलिस समेत कई लोग घायल भी हो गए। भोजपुर के जगबलिया गांव में मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए जिसे लेकर जमकर मारपीट हुई और कई लोग घायल हो गए प्रशासन ने पहुंचकर मामले को शांत कराया लेकिन अंदर ही अंदर तनाव बरकरार है। दरभंगा के डीएम रवि रोशन ने बताया कि उपद्रवियों पर प्रशासन की नजर है। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है। उधर भागलपुर में मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच जमकर पत्थर बाजी हुई। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की भी खबर है। जानकारी के अनुसार लोदीपुर थाना क्षेत्र के तबलपुर मध्य विद्यालय में पूजा हुई थी। शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाला गया था जिसे गंगोट पोखर ले जाया जा रहा था। इस दौरान हिंसक झड़प हुई। एक इलाके में धार्मिक गाना बजाने से रोका जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौका पर पहुंच हालात पर काबू किया। इलाके में मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात कर दिया गया है।

शेखपुरा में भी बवाल हुआ। अरियरी प्रखंड के सरैया गांव में सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसक झड़प की घटना हुई। दो समुदायों के लोगों ने लाठी डंडे से एक दूसरे पर हमला किया। झड़प में कई लोगों को चोट आई है। सीवान के बहुआरा गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच झड़प हुई जिसमें दोनों पक्षों के कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# सरस्वती मां की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान डूबने से एक छात्र की मौत

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सरस्वती मां की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान डूबने से शुक्रवार को एक छात्र की मौत हो गई। मामला लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी मोहल्ला स्थित सूर्य तालाब का है। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत डोबाडीह निवासी हरेराम पंडित का (21) वर्षीय पुत्र विवेक कुमार के रूप में किया गया है। देर शाम परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे।

घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया की विवेक कुमार बिहार शरीफ में ही रहकर डिफेंस की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार को वह प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब में गया हुआ था। जहां गहरे पानी में जाने की वजह से वह डूब गया। उसके साथ एक अन्य साथी भी डूब रहा था जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। आनन फानन में विवेक को तालाब से निकालकर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

विवेक की अगले महीने सीडीएस का इंटरव्यू था। इससे पहले एयर फोर्स के अग्नि वीर के इंटरव्यू में सिलेक्शन नहीं हो पाया था। वह एफ.फेक्ट की परीक्षा दे चुका है। विवेक के पिता



टाइल्स मिस्त्री हैं। और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। वही इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# वीटीआर के वेटलैंड में 40 प्रजाति के प्रवासी पक्षियों ने बनाया आशियाना

**वाल्मीकिनगर, एजेंसी।** वीटीआर के वाल्मीकिनगर रेंज में ऐसे 40 प्रजातियों की प्रवासी पक्षियों को चिह्नित किया गया है, जो वाल्मीकिनगर में अपना आशियाना बनाए हुए है। विश्व आर्द्र दिवस के अवसर पर वाल्मीकिनगर रेंज में 2 व 3 फरवरी को एशियन जलीय पक्षी एवं अन्य प्रवासी पक्षियों की गणना डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और डब्ल्यूटीआई की संयुक्त टीम ने दरूआबारी क्षेत्र व गंडक नदी में की थी। दो दिनों तक चली पक्षी गणना के दौरान संबंधित टीमों ने 40 प्रजाति की प्रवासी पक्षियों को चिह्नित किया था।

इन पक्षियों में मुख्य रूप से सफेद गर्दन किंगफिशर, छोटा जलकाग, अंधबक, उन्नी गर्दन सारस, घोंघील, चकवा एवं छोटा गरुड़ की तादाद अधिक संख्या में देखी गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, 2024 में गंडक नदी के तटीय क्षेत्रों में दर्जनों प्रजाति के जलीय पक्षियों का आशियाना बना हुआ है। इन सभी पक्षियों की गणना कर इसका रिपोर्ट पर्यटन विभाग को सौंपी जाएगी।



डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और डब्ल्यूटीआई की ओर से यह गणना वाल्मीकिनगर रेंज में एशियन जलीय पक्षियों को तीन वर्गों में बांट कर की गई। इनमें जल, थल और प्रवासी पक्षी शामिल हैं। ये पंछी ठंड का मौसम बीतते ही वीटीआर से विलुप्त हो जाते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि ये प्रवासी पक्षी अधिकतर नमी वाले स्थान का चयन अपने आशियाना के लिए करते हैं। इनके रखरखाव एवं संरक्षण के लिए वन विभाग अपने स्तर से प्रक्रिया जारी रखे हुए हैं। वीटीआर में आए प्रवासी एशियन ओपन बिल पक्षी। विभिन्न पक्षियों को देख पर्यटक होते हैं आकर्षित पर्यटन स्थल वाल्मीकिनगर के जंगलों में ऐसे तो हजारों की संख्या में आशियाना बनाए हुए मयूरों का नृत्य देखकर पर्यटक निहाल होते ही हैं, लेकिन गंडक नदी में तैरने वाले चकवा सहित सारस, जलीय बत्तख, लालसर, जंगली मुर्गा एवं बुलबुल आदि को देखकर सैलानी खासे रोमांचित हो उठते हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के कमलेश मौर्य ने बताया कि वीटीआर में आने वाले मेहमान पक्षियों की गणना कर रिपोर्ट राज्य के अधिकारियों को भेजी जाएगी। इन मेहमान पक्षियों के आगमन से पर्यटकों में रोमांच बढ़ जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## 21 फरवरी को जिला नियोजनालय के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन




**चाणक्य भूमि। बेतिया।** श्रम संसाधन विभाग द्वारा जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के प्रांगण में दिनांक-21.02.2024 को जॉब कैम्प का आयोजन किया जाना है। इस दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी, श्री अंकित राज द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में लगातार जिले में जॉब कैम्प, रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन कर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुनः 21 फरवरी 2024 को भी जिला नियोजनालय, बेतिया के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिसेट्स प्राईवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा टेक्नीशियन के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक कुल-20 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 15600-17000 रूपया प्रतिमाह मानदेय प्रदान की जायेगी। इस पद पर कार्य करने हेतु अभ्यर्थियों को इंटर/आईटीआई/डिप्लोमा पास होना जरूरी है। कार्यस्थल फरिदाबाद पलवल होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला नियोजनालय में दूरभाष संख्या-06254-295737 पर हेल्प सेन्टर बनाया गया है। अभ्यर्थी विशेष जानकारी के लिए हेल्प सेन्टर पर संपर्क कर सकते हैं।

## डीएम ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**चाणक्य भूमि। छपरा।** सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने शनिवार को समेकित बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" अभियान के प्रति जनसमुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया जाता है कि यह जागरूकता वैन निर्धारित रोस्टर के अनुरूप जिले के विभिन्न प्रखंडों में जनसमुदाय को जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं विभिन्न बाल विकास परियोजना पदधिकारी मौजूद थे।

## कब्रिस्तान में लूट की योजना बना रहे चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार



**चाणक्य भूमि। छपरा।** सारण पुलिस ने छपरा शहर के नगर थाना अंतर्गत कब्रिस्तान में लूट की योजना बना रहे चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की जानकारी देते हुए सारण एसपी डॉक्टर गौरव मंगला ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छपरा शहर के नगर थाना अंतर्गत कब्रिस्तान के समीप से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक चाकू, दो मोटरसाइकिल एवं चार मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में नगर थाना क्षेत्र के साहेबगंज चिक टोली निवासी मो० फाजिल, करीमचक खनुआ नाला निवासी साहिद राजा व अलताफ इब्राहीम तथा दहियावां महमूद चौक निवासी रशिद अहमद शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कब्रिस्तान के पश्चिम तरफ 04 युवक अवैध हथियार के साथ एकत्रित है। जो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले हैं। उक्त सुचना पर नगर थाना पुलिस दल द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए 04 अपराधियों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। इनके पास से 01 देसी पिस्टल, 02 मोटरसाइकिल, (01 चाकू एवं 04 मोबाइल को भ जब्त किया गया। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या- 79/24, भा०द० वि० 25 (1-श्री) ए/26/35 आर्म्स अधि० दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा जारी है।

## बाइक की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** भंगहा थाना के सबेया गांव में घर का ताला खोल पलसर बाइक चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। सबेया निवासी रोहीत कुमार ने विगत 14 फरवरी की रात हुई बाइक चोरी के मामले में भंगहा पुलिस को आवेदन सौंपा है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## प्रखंड के प्रमुख का चुनाव 28 को

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** आगामी 28 फरवरी को प्रखंड प्रमुख का चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से प्रखंड प्रमुख के पद पर चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इधर चुनाव की तिथि निर्धारित होते ही राजनीति सरगर्मी और तेज हो गई है। विदित हो कि कुल 22 पंचायत समिति सदस्यों में 13 सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख के खिलाफ 8 जनवरी को बीडीओ पंकज कुमार को अविश्वास प्रस्ताव पत्र दिया था। जिसमें विगत 3 फरवरी को प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 12 सदस्यों ने मतदान किया था।

## सिसवा कॉलोनी मंदिर में 72 घंटे अष्टयाम संकीर्तन का समापन

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** भंगहा पंचायत के सिसवा कॉलोनी मंदिर में चल रहे 72 घंटे का अष्टयाम संकीर्तन का समापन होम जाप के साथ शनिवार को सम्पन्न हो गया है। संकीर्तन में महापंडितों की देखरेख में विधिवत पूजा, हवन यज्ञ कराया गया। इस संकीर्तन में कीर्तन मंडली के कलाकारों के साथ समाज मंडली में शामिल छोटे-छोटे कलाकार संकीर्तन के धून पर थिरकते दिखे। मंदिर परिसर में संकीर्तन को देखने व सुनने को लेकर भक्ति भाव मे काफी संख्या में भंगहा, बिरंची, घुमाटांड, डमरापुर आदि गांव के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच रति चंद्र डे, सामाजिक कार्यकर्ता भूषण चंद्र दास, समिति बाबुल दास, नंदू सरकार, विनोद सरकार, निरंजन दास, सपन दास, हरिदास, कार्तिक सरकार,आदि ने अहम योगदान दिया।

## मध्य विद्यालय धोबनी में अनियमितता उजागर

### शिक्षा समिति ने डीएम व डीईओ से की शिकायत

**चाणक्य भूमि। मैनाटांड़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबनी में शिक्षा समिति के सचिव पूनम देवी और अध्यक्ष नीलम देवी सहित सदस्यों ने प्रधानाध्यापक पर शिक्षा समिति सदस्यों को दरकिनार करने का आरोप लगा डीएम और डीईओ को आवेदन सौंपा है।दिये आवेदन में कहा गया है कि सचिव और अध्यक्ष का कोई औचित्य नहीं हैं। एमडीएम से लेकर सम्रग शिक्षा राशि में आये राशि के निकासी में शिक्षा समिति के सदस्यों को दरकिनार कर दिया जाता है। कभी भी अध्यक्ष और सचिव से हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल के साथ साथ एमडीएम में भी अनियमितता बरती जाती है। इस विद्यालय में शिक्षा समिति के सदस्यों का कोई मतलब ही नहीं है।

## शौच को गई किशोरी के साथ छेड़खानी, प्राथमिकी दर्ज

**चाणक्य भूमि। छपरा।** पानापुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में शौच के लिए गई किशोरी के साथ छेड़खानी एवं मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पीड़ित किशोरी ने अपने ही गांव के तीन सहोदर भाइयों सहित चार युवकों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने जमुनिया नरकटियागंज मुख्य मार्ग को 1 घंटे तक किया जाम

# गौनाहा , नरकटियागंज भिखना ठोरी मार्ग में ट्रैक्टर टेलर पलटने से एक बाइक सवार की मौत

**चाणक्य भूमि। बेतिया**



गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त मोर बेलवा गैस गोदाम के पास एक ट्रैक्टर ट्रेलर के पलटने से एक बाइक सवार की मौत गन्ना से दब जाने के कारण शनिवार को सुबह करीब 9:25 बजे हो गई| घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी गैस गोदामकर्मी उमेश राय ने बताया कि गन्ना लादकर ले जा रहा ट्रैक्टर ड्राइवर शराब के नशे में धुत्त था तथा ट्रैक्टर की गति काफी तेज थी|ट्रैक्टर ड्राइवर के गलती के कारण बाइक पर सवार व्यक्ति जो बरगजवा से विक्रमपुर जा रहा था उसके शरीर पर गन्ना लदा ट्रैक्टर -टेलर पलट गया, जिससे वह व्यक्ति गन्ने से दब गया | एसएसबी के जवान जो दो टेम्पू पर सवार होकर नरकटियागंज जा रहे थे|जवानो ने अपने आँखों से देखा तथा बताया की गन्ने से बाइक सवार दब गया है। जवानो ने गन्ना हटाकर बाइक सवार को बाहर निकालना चाहा परन्तु ज्यादा गन्ना होने के कारण वे नहीं हटा पाए। आनन फानन मे जेसीबी बुलाकर गन्ने को हटाया गया तो उसमे बाइक दिखाई दिया। फिर ज़ब गन्ना हटाया गया तो औधे मुंह गिरा एक व्यक्ति दिखाई दिया। इसी बिच मौके का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। मृत व्यक्ति की पहचान शिकारपुर थाना के विक्रमपुर निवासी हरेंद्र महतो के 50 वर्षीय पुत्र रामाशीष महतो के रूप मे हुई है। मृतक के भतीजा श्याम प्रसाद कुशवाहा ने बताया की सुबह रामाशीष महतो विक्रमपुर से बरगजवा गेंहू पिसाने गए थे। गेंहू पिसवाकर बरगजवा से लौटकर विक्रमपुर जा रहे थे। इसी बीच पहकौल से गन्ना लादकर ट्रेक्टर टेलर नरकटियागंज चीनी मिल जा रहा था। इसी बीच जमुनिया नरकटियागंज मुख्य मार्ग मे चम्पा गैस गोदाम के पास यह घटना घटी। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया की घटना की सुचना मिली है। एसआई सुदामा कुमार व वीरेंद्र पासवान को घटनास्थल पर दल बल के साथ वहां भेजा गया है। घटना स्थल पर उपस्थित एसआई ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया जीएमसीएच भेजा जा रहा है। इधर विक्रमपुर के स्थानीय लोगो ने ट्रेक्टर टेलर को जब्त कर विक्रमपुर गाँव ले गए है। आक्रोशित ग्रामीणों ने जमुनिया नरकटियागंज मुख्य सड़क को घंटो जाम कर दिया। एसआई सुदामा कुमार, वीरेंद्र पासवान तथा मुखिया प्रतिनिधि सोवालाल महतो व स्थानीय लोगो की पहल से मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए सड़क जाम खत्म कराई गयी। मृतक रामाशीष महतो अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए सब्जी बेंचकर घर चलाता था। सबसे बड़े पुत्र प्रभात कुमार (22) तथा छोटे पुत्र अंकित राज (19) को बीए मे पढ़ाता था। दोनों पुत्र बीए के फइनल ईयर मे है। उसकी पत्नी शेषमणी देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। वह रो रो कर बेहोश हो जाती थी। की अब परिवार का परवरिश कैसे होगा तथा बच्चों को अब कौन पढ़ाएगा। रामाशीष महतो तीन भाइयो मे सबसे बड़ा था। दो छोटे भाई श्यामसुंदर प्रसाद वो चन्द्रभूषण कुमार कुशवाहा भी मजदूरी कर तथा सब्जी बेंचकर अपने परिवार की परवरिश करते है। बहन उषा देवी शादी-शुदा है। इस घटना से विक्रमपुर गाँव मे मातमी सन्नाटा छा गया है।

## दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बैठक



**चाणक्य भूमि। बेतिया**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मानपुर थाना परिसर में भारत और नेपाल के पुलिस पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने,सीमा पार से अवैध आवाजाही, जाली नोट, विस्फोटक पदार्थ,अवैध हथियार,मादक पदार्थ,सीमा पर अवैध गतिविधियों आदि पर लगाम लगाने के लिए सहयोग पर चर्चा की गई। साथ ही भारत में अपराध कर नेपाल में डेरा डाले हुए अपराधियों को सूची तैयार कर साझा करने की भी बात कही गई। मौके पर मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी,सहोदरा थानाध्यक्ष राजीव रंजन,नेपाल के सब इंस्पेक्टर राजेश्वर सिंह आदि दोनों देशों के अधिकारी मौजूद रहें।

## अभियान चलाकर बकायेदारों का कटेगा विद्युत कनेक्शन

**चाणक्य भूमि। छपरा**



पानापुर प्रखंड में काफी लंबे समय से बिजली बिल बकाया रखनेवाले उपभोक्ताओं की अब खैर नही है। कंपनी द्वारा ऐसे बकायेदारों का अब अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काटा जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार को धेनुकी एवं दुबौली गांव के लगभग ढाई दर्जन उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया। विद्युत कंपनी के जेई भोला ठाकुर ने बताया कि पांच हजार से ज्यादा का बिजली बिल बकाया रखनेवाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने उपभोक्ताओं का आह्वान किया कि वे बकाया बिजली बिल का भुगतान अविलंब कर दें। उन्होंने बताया कि मार्च 2024 तक यह अभियान जारी रहेगा।

उन्होंने बताया की जिन जिन उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया हैं बगैर आरसीडीसी कटवाए हुए कनेक्शन जोड़ने हैं तो उनलोगों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विद्युत कंपनी के इस अभियान से बकायेदारों में हड़कंप देखा जा रहा है।

### बैठक में प्रतिनिधियों ने कई ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए आवाज उठाई

# लौरिया प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई संपन्न

**चाणक्य भूमि। बेतिया**




लौरिया प्रखंड के विशेष सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी ने किया। बैठक में नल जल, विद्यालय में कहीं भवन ही नहीं बना है या किसी विद्यालय का भवन जर्जर है, नहर से सिंचाई सुविधा ठप है, शौचालय भुगतान, आंगनबाड़ी से संबंधित कई समस्याएं जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायत की बात कही। सिसवनिया पंचायत के मुखिया कन्हैया प्रसाद कुशवाहा ने बैठक में कहा कि पंचायत के बारवा काला गांव में स्थित विद्यालय का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है। उसी दो कमरे में 3 सौ बच्चें पढ़ाई कर रहे हैं। यहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है। वहीं बेलवा लखनपुर पंचायत के मुखिया अनिल राम ने कहा कि मौलानगर के एक कमरे में चार सौ बच्चें पढ़ रहे। तो वही बसंतपुर पंचायत के मुखिया अजय सिंह उर्फ सरकारी सिंह ने कहा कि इंदुटोला में विद्यालय नहीं है, बच्चें पेड़ के नीचे बैठकर पठन पाठन करते हैं। इधर मुखिया संजय पाठक ने पंचायत में बिजली के पोल और तार जर्जर होने की बात कही। वहीं तेलपुर के मुखिया मो जावेद ने कहा कि शौचालय का भुगतान अधर में लटका है और उन्होंने पंचायत में खेल मैदान का निमार्ण कार्य कराने की बात की। बीडीसी करणराज,राजकेश्वर शर्मा, प्रतिनिधि हरिकेश्वर शर्मा ने कहा कि उनके पंचायत में सिंचाई का ट्यूबवेल बंद है। उपवितरणी गंडक विभाग को कहा जाए कि इसे दुरुस्त कर अविलंब नहरों से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाए। इधर बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के नहीं आने की बात करीब सभी जनप्रतिनिधियों ने कही और कहा कि सेविका अपने केंद्रों पर ध्यान नहीं देती है, केवल राशन उठाव पर ज्यादा दिमाग लगाती हैं। सभी जनप्रतिनिधियों को प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी ने आश्वस्त किया कि आपकी जो भी समस्याएं है, उसे सहानुतिपूर्वक निदान कराने की प्रयास की जाएगी। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता बीडीओ एस प्रतीक, बीपीआरओ सोनाली गुप्ता, लोहिया स्वच्छता अभियान की समन्वयक पूनम कुमारी, एमओ विभाग से रजनीश कुमार, बिजली से पंकज कुमार, पीओ रत्नेश तिवारी,जनप्रतिनिधियों में मो जावेद, संजय पाठक, कन्हैया प्रसाद कुशवाहा,छोटकी देवी, प्रियम्वदा देवी, मो सुलेमान, मैमुन नेषा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# झोंपड़ीनुमा घर में लगी आग, बाइक समेत सबकुछ जल कर राख

### घटना में गृहस्वामी झुलसे

**चाणक्य भूमि। छपरा**



माँझी थाना क्षेत्र के फुलवरिया गाँव में शुक्रवार की रात शार्ट सर्किट से झोंपड़ीनुमा घर में लगी आग से उसमें रखा बाइक तथा दो साइकिल समेत अनाज, कपड़ा, चौकी, खटिया तथा बर्तन आदि राख हो गया। उधर आग बुझाने की अफरा तफरी में गृहस्वामी धर्मेन्द्र बैठा भी बुरी तरह झुलस गए, जिनका इलाज माँझी सीएचसी में चल रहा है। घटना के संबंध में इलाजरत धर्मेन्द्र बैठा ने बताया कि आधी रात को विद्युत तार से निकली चिंगारी से अचानक उनकी झोंपड़ी में आग लग गई। बाद में जब उनकी नींद खुली तो जान बचाने के उद्देश्य से अपनी पत्नी के साथ शोर मचाते हुए झोपड़ी से बाहर निकले तथा मौके पर पहुँचे पड़ोसियों के साथ मिलकर आग बुझाने में लग गए। इसी दरम्यान झोपड़ी का एक हिस्सा उनके ऊपर आ गिरा जिससे वे झुलस गए। मौके पर पहुँचे लोगों ने उन्हें माँझी सीएचसी पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। मजदूरी करके किसी प्रकार अपना गुजारा करने वाले दम्पत्ति के पास आगलगी की घटना के बाद अब कुछ भी नही बचा है। उधर शनिवार की सुबह घटना की सूचना पाकर पहुँचे मुखिया मनीष कुमार सिंह ने उन्हें तत्काल समुचित आर्थिक सहायता की, जिससे पीड़ित दम्पत्ति के इलाज एवम खाने पीने की सामग्री व कपड़े आदि की व्यवस्था की जा सके।

# पुलीस अधिक्षक बेतिया के निर्देश पर साठी पुलिस द्वारा बैंक और एटीएम का किया गया विधिवतचेकिंग

**चाणक्य भूमि। बेतिया**



साठी पुलिस द्वारा शनिवार को स्थानीय एसबीआइ, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक की शाखाओं , सीएसपी तथा एटीएम का निरीक्षण किया गया।पुलिस द्वारा बैंक में होने वाली भीड़ का लाभ उठाकर उचक्कों की सक्रियता को देखते हुए निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने लोगों से बैंक आने के उद्देश्य, उनके पासबुक समेत अन्य कागजात की जांच करने के साथ साथ बैंक में आए ग्राहकों को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही बैंक परिसर में उपस्थित सुरक्षा गार्ड को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया।शाखा प्रबंधक समेत बैंक में उपस्थित कर्मियों को बैंक में भीड़ से बचने के लिए क्रमांक प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया, ताकि भीड़ पर नियंत्रण हो सके। साठी थाना के एसआई शशिकांत शर्मा ने बैंक आए ग्राहकों को सुझाव दिया कि अपना निकासी फॉर्म वो स्वयं भरें। किसी अनजान से सहायता न लें। फॉर्म भरने का लाभ उठाकर उचक्के आपकी राशि उड़ा सकते हैं। अपनी निकासी की गई राशि को थैले में, हैंड बैग में या बगल में न दबाएं। उसे अपनी पॉकेट में रखकर सुरक्षित ले जाएं। किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही बैंक व पुलिस प्रशासन को सूचित करें। साठी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बेतिया के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और सुरक्षा की दृष्टि से सभी बैंक और एटीएम की जांच की जा रही है।ताकि किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना ना हो तथा बैंक आने जाने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार का परेशानी का सामना न करना पड़े और वे अपने पैसे का लेन देन करते हुए सुरक्षित घर आ जा सके।

## राजद नेता सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के लौरिया आगमन को लेकर राजद के वरीय अधिकारी की बैठक

**चाणक्य भूमि। बेतिया**



बैठक में तैयारी समिति सह राजद के पुर्व विधानसभा प्रत्याशी सह प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी को तैयारी समिति की जबाबदेही सौंपी गई। वहीं राजद के नेता को चंपारण में लौरिया में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर क इ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई साथ ही चंपारण के कोने कोने से राजद कार्यकर्ताओं को पहुंचने का आवाहन किया गया। बैठक में राजद कार्यकर्ताओं को सत्रह महिने बनाम सत्रह साल के अंतर जनता तक पहुंचाने की जबाबदेही राजद के कार्यकर्ताओं को सौंपा गया। साहु जैन स्टेडियम में एककईस फरवरी को तेजस्वी जी के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में राजद नेता शंभु तिवारी ने कहा की लौरिया में आयोजित कार्यक्रम सम्मेलन को सफल बनाने में आप सभी कार्यकर्ताओं की जबाबदेही बढ़ गई है।वहीं राजद के जिला प्रवक्ता प्रभु यादव ने तैयारी समिति को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में राजद के पुर्व विधायिका स्वीटी हेमव्रन अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र गोंड प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव प्रभु प्रसाद यादव रामयश यादव मनोज यादव रंभु प्रसाद यादव मनोहर ठाकुर रीतेश कुमार अंगुर आलम राकेश यादव अमन मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने मचाया धमाल

**चाणक्य भूमि। छपरा**




मांझी प्रखंड के दाउदपुर स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल का 8वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया।उद्घाटन मुख्य अतिथि नंदलाल सिंह कॉलेज जैतपुर के प्रोफेसर डॉ आफताब आलम व विशिष्ट अतिथि डॉ आशिष कुमार, स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र प्रसाद व रमाकांत प्रसाद आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके पूर्व प्राचार्य राजीव कुमार ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ आफताब आलम ने कहा कि संस्कार युक्त बेहतर शिक्षा प्राप्त करके हीं बच्चे चरित्रवान व भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षक व अभिभावक दोनों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ आशिष कुमार ने बच्चों की शिक्षा, कला-कौशल व स्कूल की व्यवस्था को सराहनीय बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने जम कर धमाल मचाया। आकर्षक नृत्य व लघु नाटक, कॉमेडी आदि में हर्षित, अभय, सपना, आयुषी, सृष्टि, मानसी, साकेत, मोनिका, वैष्णवी, आकाश, रुही, आस्था, अंशिका, प्रियांशु आदि ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर श्यामू सिंह, मुन्ना सिंह, मुखिया अभिषेक कुमार सिंह, रालोजद नेता ओमप्रकाश कुशवाहा, राजकुमार राय, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व अभिभावक मौजूद थे।

## नवपदस्थापित सीओ ने किया योगदान



**चाणक्य भूमि। छपरा**

पानापुर में नवपदस्थापित सीओ महम्मद जमशेद ने शनिवार को सीओ के रूप में योगदान किया। बीडीओ सह प्रभारी सीओ राकेश रौशन ने उन्हें पदभार सौंपा। इससे पहले महम्मद जमशेद दलसिंहसराय अंचल में राजस्व अधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर श्यामलाल सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# आर पी मेमोरियल हाई स्कूल मझौलिया के छात्रों ने वार्षिकोत्सव पर मचाया धमाल

## शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस टी नवी ने फीता काट किया उदघाटन





▪ वार्षिकोत्सव में उमड़ी भीड़

चाणक्य भूमि।(कनकलता)बेतिया।

शनिवार को हरिपकड़ी रोड स्थित आर पी मेमोरियल हाई स्कूल मझौलिया में सात साल पूरा होने पर वार्षिकोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।समारोह का उदघाटन मझौलिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस टी नबी ने फीता काटकर किया।उन्होंने विद्यालय की उतरोतर प्रगति के बारे में शुभकामनाये दी तथा स्कूली छात्र छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। हाई स्कूल के व्यवस्थापक विजय कुमार यादव ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा अभिवावकों से बच्चों को स्कूल ससमय भेजने की मांग की।उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, पक्का इरादा और अनुशासन से छात्र छात्राएं अपने मंजिल को पाते है।उन्होंने बिगत सात वर्षों के अनुभव को लोगों के समक्ष साझा किया।स्कूली छात्रो ने आगत अतिथियों का नये अंदाज में वेलकम किया।स्कूली छात्राओं ने राम आयेंगे आयेंगे राम आयेंगे की प्रस्तुति पर मनमोहक नृत्य किया,और तालियां बटोरी।समारोह के संचालक आकाश कुमार और तेजस्वी कुमार ने बीच बीच मे कई ओजस्वी शेरो शायरी से लोगो



को मंत्र मुग्ध किया।कई एकांकी नाटक प्रस्तुत किये गये।इस अवसर पर अभिवावको की भारी भीड़ उमड़ी।समारोह को एससी एसटी भाजपा के जिलाध्यक्ष सह मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश,पूर्व मुखिया सह भूमिदाता हरिशंकर शर्मा,सूरज कुमारएचएम आदित्य कुमार,दीपक कुमार, रबिन्द्र ठाकुर, गीता देवी,फ़िज़ा कुमारी आदि ने अपने अपने बिचार व्यक्त किया।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मानपुर थाने में शांति समिति की बैठक



चाणक्य भूमि। मैनाटांड़।

थाना मानपुर में गुरुवार को लोक सभा चुनाव को लेकर नेपाल चौकी के जवान मौजूद थे । शांति समिति का बैठक किया गया मानपुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने कहा कि सभी समुदाय के लोग प्रेम, सौहार्द व एकता की मिसाल को कायम करते हुए मिलजुल कर रहे अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। यदि कहीं से भी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका होती है तो तुरंत स्थानीय प्रशासन सहित 112 नंबर पर सूचित करे। सोशल मीडिया पर कुछ भी गलत टिप्पणी या मैसेज आते है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना को सूचित करें। एवं किसी भी तस्करी लाइन में व शराब माफियाओं पर हमारी कड़ी नजर रहेगी

# मझौलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## माधोपुर में भड़काऊ और अश्लील गीत बजाने पर 04 सेट डीजे, 08 सेट बॉक्स, जरनेटर व ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त





चाणक्य भूमि।(कनकलता) बेतिया।

» मामला
धार्मिक स्थल पर सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान अश्लील गीत बजाने का

विसर्जन के दौरान माधोपुर शेख टोली स्थित धार्मिक स्थल के पास भड़काऊ और अश्लील गीत डीजे पर बजाने को लेकर पुलिस ने चार डीजे सेट,08 बक्शा सेट,एक जरनेटर ,इको सेट और ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया।पुलिस की कार्रवाई से डीजे संचालको,जरनेटर सेट मालिको में हड़कम्प मचा है।जानकारी एसएचओ अखिलेश मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि सरस्वती पूजा कमिटी समेत अन्य अज्ञात लोगों पर इस वावत एफआईआर किया गया है।उन्होने बताया की यहां केलिए पूजा कमिटी ने लाइसेंस भी निर्गत नही कराया है जबकि शांति कमिटी की बैठक में यह तय किया गया था कि सरस्वती पूजा के लिये कम से कम दस कमिटी के सदस्यों का आधार कार्ड जमा कर लाइसेंस लेना है।डीजे पर पूर्णतः प्रबंध के वावजूद डीजे का इस्तेमाल किया गया तथा धार्मिक स्थल के पास भड़काऊ अश्लील गीत प्रस्तुत किया।पुलिस के मना करने के बाद भी हरक्क्त जारी रहा।एसएचओ श्री मिश्र ने बताया कि चिन्हित कर इसमे संलग्न युवको को गिरफ्तार किया जायेगा।उल्लेखनीय है कि पुलिस ने पूजा के पूर्व शांति कमिटी की बैठक आयोजित कर सख्त हिदायत जारी किया था।जिसका उक्त कमिटी ने उलंघन किया।

# तेजस्वी के लौरिया आगमन को लेकर राजद कार्यकर्ताओ में उत्साह

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया।

आगामी 21 फरवरी को लौरिया सहूजैन परिसर में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के आगमन को सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को राजद कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह है।इस वावत राजद कार्यकर्ताओ की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष मो साहेब हुसैन ने की। लौरिया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे शंभू तिवारी को तैयारी समिति की जवाबदेही सौंपी गई। साथ ही प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इधर नेताओं और कार्यकर्ताओं को कहा गया कि आप सब जनता के बीच जाकर बतावें कि किस तरह से मात्र 17 महीना तक सरकार में उप मुख्यमंत्री रहकर हमारे नेता तेजस्वी ने जनता के हित में कितना काम किया है और सभी से अनुरोध करें कि वे 21 फरवरी को लौरिया आवें। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री हुसैन के साथ प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी, जिला प्रवक्ता प्रभू यादव, पूर्व विधायक स्वीटी हेमब्रन, अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र गोंड, प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव,वरीय



लौरिया। सहुजैन फिल्ड में राजद नेता बैठक के बाद ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए। इसी ग्राउंड पर राजद नेता तेजस्वी के कार्यक्रम होने की संभावना जताई जा रही है।

नेता वरीय नेता रम्भू यादव, प्रभू यादव,रामयश यादव, मनोज यादव, रितेश कुमार, मनोहर ठाकुर, अंगूर आलम, अमन मिश्रा, राकेश यादव आदि शामिल रहे।

# "श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में"

## मझौलिया में आयोजित हनुमान आराधना में उमड़ी भीड़



चाणक्य भूमि।(कनकलता)बेतिया।

शनिवार को मझौलिया के चर्चित शम्भू मिष्टान भंडार परिसर में आयोजित हनुमान आराधना में लोग झूम उठे।रक्सौल से पधारे बालाजी हनुमान आराधना मंडली रक्सौल के व्यास पुट्टू गिरी ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक दीर्घा झूम उठा। रक्सौल की टीम मंडली ने सुंदर पाठ किया। हनुमान की भाव भंगिमा पर दर्शक दीर्घा झूमने पर विवश हो गया।इस अवसर पर एक भंडारा का आयोजन किया गया।इस आध्यात्मिक उत्सव को सफल बनाने में मझौलिया की उपमुखिया पार्वती देवी,रंजन कुमार पटेल,रजत कुमार,अभिषेक पटेल,संजय कुमार पटेल,शांति देवी,राकेश कुमार सिंह,सरोज बेदपुरिया,दिलीप चौधरी,जितेंद्र साह,जयदीप चौरसिया आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।आचार्य पंडित चुनचुन पांडेय के बैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा।

# शॉर्ट सर्किट से ढ़ढ़वा में आग लगने से तीन घर जलकर नष्ट

चाणक्य भूमि। नवलपुर।



थाना क्षेत्र के ढ़ढ़वा पंचायत के रमना भसहवा वार्ड संख्या बारह में अचानक आग लगने से तीन घर जल गए। घटना शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे की है।आग की लपटें इतनी तेज थी कि एक भी सामान घर से नहीं निकाला जा सका।सारा सामान जलकर राख हो गया।देखते ही देखते अगलगी का शिकार सभी परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया।घटना के बाद पंचायत की मुखिया सुनील कुमार,सरपंच बेदान्ति यादव ने अगलगी से प्रभावित हुए लोगों को हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाते हुए सीओ से बात कर सभी परिवारों को सरकारी स्तर पर राहत एवं सहायता मुहैया कराने का अनुरोध किया है।अगलगी की घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर सम्भु यादव के घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई।देखते ही देखते आग ने काफी भयावह रूप धारण कर लिया और आग की तेज लपटों ने आसपास के लालबाबू यादव,कमलेश यादव का आशियाना राख में तब्दील हो गया।आग की सूचना ग्रामीणों ने दमकल कर्मियों व पुलिस को दी।सूचना पर पहुंचे नवलपुर थाना के थानाअध्यक्ष अनुपम कुमार राय,दरोगा लालदेव दास एवं दमकल कर्मियों ने आसपास के लोगों की मदद से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक तीन घर जलकर राख हो चुका थे।मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैला कि घर से किसी का कुछ भी सामान निकालना मुश्किल हो रहा था।साथ ही वहां तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था।लोगों के आंखों के सामने ही ना सिर्फ सभी का आशियाना जलकर राख हो गया बल्कि सारे अरमान भी जल गए।परिवार के सदस्यों का घटना के बाद रो-रोकर बुरा हाल है।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714